### एक नजर में

## मन्नत जैन का अंडर–15 मध्यप्रदेश ट्रायल के लिए चयन, मंदसौर का बढ़ाया मान



**मंदसौर।** शहर की उभरती महिला क्रिकेट प्रतिभा मन्नत जैन का चयन अंडर–15 गर्ल्स मध्य प्रदेश क्रिकेट ट्रायल के लिए हुआ है। चयन ट्रायल 15, 16 एवं 17 अप्रैल को होलकर स्टेडियम, इंदौर में आयोजित होंगे। मन्नत पिता पंकज जैन, यूनीक क्रिकेट अकादमी मंदसौर की नियमित खिला?ी हैं और पिछले दो वर्षों से लगातार अभ्यास कर रही हैं। वह राइट हैंड बैट्समैन के रूप में अपनी तकनीक, धैर्य और निरंतरता के लिए जानी जाती हैं। अकादमी में नियमित नेट प्रैक्टिस, फिटनेस ट्रेनिंग और मैच सिचुएशन अभ्यास ने उनके खेल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कोच नवीन खोखर और निलेश खोखर (लक्की) ने बताया कि मन्नत की मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण ही उनके चयन का मुख्य आधार है। उन्होंने विश्वास जताया कि मन्नत ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य टीम में स्थान बनाने की प्रबल दावेदार हैं। अकादमी के खिला?ियों और शहर के खेलप्रेमियों ने मन्नत जैन को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि न केवल मन्नत और उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे मंदसौर जिले के लिए गर्व का क्षण है।

## दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप का प्रथम सेवा प्रकल्प संपन्न



**मन्दसौर।** दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप द्वारा शपथ ग्रहण के बाद वर्ष 2026–27 कार्यकाल का प्रथम सेवा प्रकल्प आयोजित किया गया। यह प्रकल्प ग्रुप के सचिव महोदय शुभम पोरवाल एवं उनके पुत्र हृदयांश के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गोपाल कृष्ण गौशाला में संपन्न हुआ, जहाँ गोवंश को सोदाना एवं हरे चारे का आहार करवाया गया। इस अवसर पर ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष नितेश पोरवाल, नितिन जैन, ग्रुप संयोजक प्रमोद जैन, ग्रुप अध्यक्ष रितेश भगत, कोषाध्यक्ष पीयूष जैन, सह–सचिव सीए अंकुश जैन, प्रवक्ता विकास कोठारी सहित संचालक मंडल के सदस्य मनोज पोरवाल, संयम जैन, सौरभ पोरवाल, नितेश पोरवाल, विनय पोरवाल, शैलेन्द्र भगत, संदीप जैन, विशाल जैन उपस्थित रहे। प्रोजेक्ट चेयरमैन आयुष जैन, पंकज जैन, नयन जरक एवं रोनक पोरवाल ने कार्यक्रम का संचालन अत्यंत उत्कृष्ट रूप से किया। कार्यक्रम के उद्बोधन में सभी सदस्यों ने लाभार्थी परिवार का अभिनंदन किया तथा अपने जन्मदिवस एवं वर्षगांठ पर इस प्रकार के पुण्य कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन विकास कोठारी द्वारा किया गया एवं आभार सीए अंकुश जैन ने व्यक्त किया।

## रोटरी सैटेलाइट वुमेन्स क्लब ने वात्सल्यधाम में लगवाए पानी के नान, वृद्धजनों को होगी सुविधा

**मन्दसौर।** रोटरी सैटेलाइट वुमेन्स क्लब मंदसौर द्वारा भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए सामाजिक सरोकार के तहत एक सराहनीय पहल की गई है। क्लब की ओर से वात्सल्यधाम (वृद्धाश्रम) में वृद्धजनों की सुविधा के लिए पानी के नान लगवाए गए ताकि इस तपती गर्मी में उन्हें पेयजल के लिए किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना प?। यह सेवा कार्य मुख्य रूप से सरिता सोनी के परिवार के सौजन्य से संपन्न हुआ। क्लब की अध्यक्ष निशा कुमावत ने बताया कि बुजुर्गों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची इबादत है और भीषण गर्मी में उनके लिए शीतल जल का प्रबंध करना क्लब की प्राथमिकताओं में शामिल रहा है।

# अजाक्स के नेतृत्व में मंदसौर में उमड़ा जनसमूह



**मंदसौर।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति–जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) एवं भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समिति द्वारा आंबेडकर चौराहा मंदसौर में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ बी.आर. आंबेडकर जी की जयंती अजाक्स जिला अध्यक्ष प्रहलाद कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में हर्षोल्लास से मनाई गई।

संचालन और अतिथि परिचय मनोज कुमार धानिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय डॉ पुरुषोत्तम मेघवाल, विशेष अतिथि राजू सोलंकी, जमना प्रसाद अहिरवार संभागीय संयुक्त सचिव, डॉ के.आर. सूर्यवंशी, रामलाल लोदवार, राधेश्याम गौरवी, डॉ. रिंकू भगोरा, डॉ राजेश सकवार, के.सी. सोलंकी, ओ.पी. वर्मा, हीरालाल मालवीय, के.आर. सूर्यवंशी, ललिता बामनिया महिला प्रकोष्ठ, ममता परिहार महिला प्रकोष्ठ आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम का प्रारंभ बाबा साहब एवं महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। श्री रघुवीर मालवीय के द्वारा अजाक्स प्रतिवेदन एवं अजाक्स की गतिविधियों की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर मंदसौर ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र गोयल, मंदसौर तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार सूर्यवंशी, मल्हारगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र कुमार चौहान, मल्हारगढ़ तहसील अध्यक्ष विजय कुमार देवड़ा, दलौदा तहसील अध्यक्ष अंबालाल डांगी, सीतामऊ ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश सोलंकी, सीतामऊ तहसील अध्यक्ष कारूलाल सूर्यवंशी, सुवासरा तहसील अध्यक्ष दिलीप सोलंकी, गरोठ ब्लॉक अध्यक्ष भोनीराम सिन्हा, गरोठ अध्यक्ष सुरेश जजावरा, शामगढ़ तहसील अध्यक्ष अशोक यादव, भानपुरा तहसील अध्यक्ष कैलाशचंद्र धानिया अजाक्स के तहसील ब्लॉक एवं जिला पदाधिकारियों के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में बाबा साहब के अनुयायी उपस्थित रहें।

मुख्य अतिथि एवं समस्त अतिथियों के द्वारा प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान मोमेंटो, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न विभागों में चयनित नवनियुक्त कर्मचारियों का सम्मान बाबा साहब की तस्वीर, पंचशील दुपट्टा से सम्मानित किया गया। आर्थिक रूप से कमजोर ऐसे माता पिता जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दी एवं शासकीय सेवा तक पहुंचाया उन सभी अभिभावकों का सम्मान तस्वीर पंचशील दुप्पटा देकर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान पंचशील दुप्पटा, शाल एवं तस्वीर देकर सम्मानित किया गया। आभार अजाक्स जिला उपाध्यक्ष रामनिवास सूर्यवंशी ने माना।

# अवैध शराब तस्करी के आरोपी को किया बरी

**पिपलिया मण्डी।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नारायणगढ़ न्यायालय ने अवैध शराब परिवहन के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी निर्मल पिता बाबूलाल पाटीदार, निवासी ग्राम बालागुढ़ा को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। न्यायालय ने अपने निर्णय में पुलिस द्वारा की गई जब्ती और अन्य कार्रवाई को संदेहपूर्ण माना।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, पिपलियामंडी थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक अंतरसिंह जादौन को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति कार में अवैध शराब का परिवहन कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सूजनपुरा फंटा पर नाकाबंदी की। इस दौरान आरोपी निर्मल को रोका गया और तलाशी लेने पर उसकी कार से 240 क्वार्टर (करीब 43 लीटर) देशी शराब तथा 12 बोतल (करीब 39 लीटर) विदेशी बीयर बरामद होने का दावा किया गया।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने अपने आरोपों को साबित करने के लिए कुल 8 गवाह एवं 17 दस्तावेज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने गवाहों की जिरह करते हुए पुलिस की कार्रवाई में कई खामियों और विरोधाभासों को उजागर किया।

सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने पाया कि शराब जब्ती की पूरी प्रक्रिया संदेह से परे सिद्ध नहीं हो सकी। प्रकरण में प्रस्तुत साक्ष्यों में पर्याप्त विश्वसनीयता का अभाव पाया गया, जिसके चलते न्यायालय ने आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करने का आदेश दिया। इस प्रकरण में आरोपी की ओर से अधिवक्ता एम. सय्यद मंसूरी, एम. जैनुल मंसूरी, जतिन परमार एवं विनीता कैथवास ने पैरवी की।



## नंदीश्वर द्वीप जिनालय के प्रथम स्थापना दिवस पर रथयात्रा निकलेगी 19 को

**मंदसौर।** श्री ण्मोकार महामंत्र साधना केंद्र बही पार्श्वनाथ चौपाटी पर अप्रैल 2025 में हुए पांच दिवसीय नंदीश्वर द्वीप पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की प्रथम वर्षगांठ पर दो दिवसीय भव्य आयोजन किये जा रहे हैं। साधना केंद्र ट्रस्ट अध्यक्ष शांतिलाल बड़जात्या व सचिव अशोक कुमार पाटनी ने बताया समस्त कार्यक्रम बाल ब्रह्मचारी संजय भैयाजी मुरैना तथा ब्रह्मचारिणी अर्पणा दीदी, रीता दीदी, बसंता दीदी, कल्पना दीदी, राजुल दीदी, आनंद शास्त्री व सुरेश जैन के मार्गदर्शन में होंगे।

ट्रस्ट की प्रवक्ता डॉ. चंदा भरत कोठारी ने बताया 18 अप्रैल शनिवार को प्रात: 6.30 बजे से अभिषेक शांतिधारा के बाद सहस्त्रनाम मण्डल विधान पूजन का सामूहिक आयोजन, 3 बजे स्वाध्याय, शाम 7 बजे से आरती व नंदीश्वर द्वीप में भक्ति संगीत होंगे।

19 अप्रैल को प्रात: विधान पूर्णाहुति के पश्चात प्रात: 10 बजे श्रीजी की रथयात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया नीमच व मंदसौर समाज के लिए नि:शुल्क बस की व्यवस्था की गई है। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने समस्त समाजजनों से दो दिवसीय महोत्सव में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।

**एक नजर** ▶ **तपोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे जैन समाजजन**

# तप ही मोक्ष का नेशनल हाईवे : साध्वी उपेन्द्रयशा



**पिपलिया मण्डी।** मोक्ष प्राप्ति के अनेक मार्ग बताए गए हैं, लेकिन तप ऐसा नेशनल हाईवे है, जिस पर चलकर आत्मा सीधा परमात्मा की ओर अग्रसर होती है। मनुष्य से संवाद करने के लिए जहां फोन की आवश्यकता होती है, वहीं भगवान से जुड़ने के लिए मौन सबसे प्रभावी माध्यम है।

यह प्रेरणादायक विचार साध्वी उपेन्द्रयशा मसा ने सकलेचा परिवार द्वारा आयोजित तपोत्सव कार्यक्रम में अपने उद्बोधन के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में तपस्या का सर्वोच्च स्थान है। तप केवल भूखे रहकर शरीर को कष्ट देना नहीं है, बल्कि सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र के साथ इच्छाओं पर नियंत्रण रखने की गहन साधना है। जब व्यक्ति अपने भीतर की वासनाओं और इच्छाओं पर नियंत्रण प्राप्त कर लेता है, तब आत्मा शुद्ध होती है और परमात्मा बनने की दिशा में अग्रसर होती है।

साध्वीश्री ने आगे कहा कि आज का मानव बाहरी साधनों में अधिक उलझ गया है, जबकि आत्मिक शांति और मोक्ष का मार्ग भीतर से होकर जाता है। मौन, ध्यान और तप के माध्यम से ही आत्मा का वास्तविक उत्थान संभव है। उन्होंने समाजजनों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में संयम, त्याग और तप को अपनाकर आत्मकल्याण की दिशा में कदम बढ़ाएं। कार्यक्रम के आयोजक अजय सकलेचा ने बताया कि तपोत्सव के अंतर्गत वर्षीतप आराधक आशा सकलेचा, महेश सकलेचा एवं प्राची सकलेचा का भव्य वरघोड़ा मंदिर परिसर से निकाला गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गहुलियों के माध्यम से वंदन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। नगर भ्रमण के दौरान जगह–जगह समाजजनों ने तपस्वियों का स्वागत किया।

नगर भ्रमण के पश्चात कार्यक्रम स्थल पर धर्मसभा का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। तपस्वियों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें गुड़ से तोलकर सम्मानित किया गया। इस गुड़ का उपयोग गौशाला में पशुओं के आहार के रूप में किया जाएगा। इसके साथ ही तपस्वियों को पगड़ी एवं उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही, जिनमें मनोहरलाल जैन, अशोक कुमठ, अनिल दसेड़ा, वीरेन्द्र राणावत, निधि आंचलिया।

## नीमच


### एक नजर में

## भाजपा ने मनाई बाबा साहेब की जयंती, माल्यार्पण के बाद विधायक ने कहा– देश संविधान के अनुरूप



**नीमच।** भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (दीनदयाल मंडल) द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर मेसी शोरूम चौराहा स्थित अंबेडकर सर्किल पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए। कार्यक्रम में विधायक दिलीप सिंह परिहार, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल और मंडल अध्यक्ष दारा सिंह यादव सहित अन्य पदाधिकारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उपस्थित नेताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष और उनके संदेशों पर प्रकाश डाला। विधायक परिहार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान के अनुरूप ही आज पूरा भारत चल रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं में भी अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का उत्थान सर्वोपरि है। इस अवसर पर राजेश बैरागी, हरीश वर्मा, हेमंत हरित, आदित्य मालू, अनिल माली, रामकुमार कुमावत, रवि गोयल, योगेश जैन, पवन भील, मनोज माहेश्वरी, भगवतीप्रसाद कौशल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सेन समाज ने आराध्य देव का 726वां जन्मोत्सव मनाया, नीमच में दो दिवसीय आयोजन



**नीमच।** जिला सेन समाज संगठन और सेन जन्मोत्सव समिति ने आराध्य देव शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जयंती मनाई। दो दिवसीय इस आयोजन में जिलेभर के समाजजनों ने भाग लिया। मुख्य कार्यक्रमों में वाहन रैली और भजन संध्या शामिल थे। मंगलवार को जयंती के मुख्य अवसर पर स्कीम नंबर 9 स्थित नारायणी माता मंदिर से वाहन रैली निकाली गई। समाजजन हाथों में केसरिया ध्वजा लिए 'जय सेन' के नारे लगाते हुए चल रहे थे। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए स्कीम नंबर 36 स्थित सेन वाटिका पर समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में पुरुषों और महिलाओं ने वाहनों पर सवार होकर हिस्सा लिया। आयोजन के पहले दिन सोमवार को खेलकूद प्रतियोगिताएं हुईं। इनमें युवाओं के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता शामिल थी। महिलाओं और बालिकाओं के लिए चेयर रेस और चम्मच रेस जैसी स्पर्धाएं आयोजित की गईं। मंगलवार शाम को सेन वाटिका में प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। इसमें समाज के मेधावी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें गायक कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। जिला अध्यक्ष सुखलाल सेन ने बताया कि सेन महाराज की 726वीं जयंती पर नीमच शहर सहित जिले की सभी छह तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि नीमच में दो दिवसीय आयोजन का उद्देश्य समाज को संगठित करना और युवाओं को मंच प्रदान करना था।

# बाबा साहेब भाईचारे और मानवता के लिए समर्पित रहे : सखलेचा

▶ **नीमच में अम्बेडकर जयंती के जिला स्तरीय समारोह में 8 हितग्राहियों को हितलाभ वितरित**



**नीमच।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर ने अपना सम्पूर्ण जीवन, पढ़ाई, ज्ञान प्राप्ति, समानता, भाईचारे और मानवता के लिए समर्पित किया है। डॉ.अम्बेडकर का प्रकाशवान जीवन दर्शाता है, कि वे विद्वान और कर्मशील व्यक्तित्व के धनी थे।

डॉ.अम्बेडकर के विचार और कार्य हमारे समाज में आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं का समाधान करने में हमारा मार्गदर्शन कर सकते है। उक्त विचार पूर्व मंत्री एवं जावद क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय डॉ.अम्बेडकर जयंती समारोह सह हितलाभ वितरण सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर नीमच विधायक दिलीप सिह परिहार, वंदना खण्डेलवाल, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव भी विशेष रूप से मंचासीन थे।

विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा, कि नीमच में डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित है। सिंगोली में भी उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है और रतनगढ में भी डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होने कहा, कि प्रदेश सरकार प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने का हर संभव प्रयास कर रही है।

विधायक दिलीप सिह परिहार ने अपने उदबोधन में कहा कि डॉ.भीमराम अम्बेकर ने अर्थशास्त्र राजनीति, कानून दर्शन, समाजशास्त्र का अच्छा ज्ञान प्राप्त किया। म.प्र.की धरती महू से निकल कर उन्होने विदेशो में पढ़ाई की और अपना जीवन समाज की भलाई के कार्य में लगाया। डॉ.अम्बेडकर द्वारा रचित संविधान से ही हमे मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य मिले है।

विधायक परिहार ने कहा, कि नीमच में 5 करोड़ की लागत से नवीन छात्रावास मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा स्वीकृत किया गया है। उन्होने कहा, कि अ.जा.वर्ग के विद्यार्थियों, युवाओं के लिए सरकार ने अनेको योजनाए संचालित की है। सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास और सबका विकास के मूलमंत्र के आधार पर सरकार सभी वर्गो के कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

इस अवसर पर विधायक श्री सखलेचा, श्री परिहार एवं अतिथियों ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्वरोजगार योजना, श्री बिरसामुण्डा स्वरोजगार योजना, डॉ.भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत 8 हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित कर लाभांवित किया। समारोह में सांदिपनी विद्यालय नीमच के छात्र–छात्राओं ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर के बाल जीवन पर आधारित नृत्य, नाटिका, प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित जनों ने सराहा। महाविद्यालयीन छात्रावास नीमच की छात्राओं ने भी प्रसतुति दी। सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए भी दलों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गये।

# 405 किलो डोडाचूरा जब्त, कंटेनर भी पकड़ा



**नीमच। नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीबीएन एमपी यूनिट, नीमच की प्रिवेंटिव टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 405 किलो से अधिक डोडाचूरा जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तस्करी में प्रयुक्त कंटेनर ट्रक भी जब्त कर लिया गया है।**

विशेष खुफिया सूचना के आधार पर 12 अप्रैल 2026 को नीमच–मंदसौर हाईवे स्थित हरकियाखाल फोरवे पर टीम ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध कंटेनर ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान ट्रक में छुपाकर ले जाया जा रहा 405.340 किलोग्राम अवैध पोस्ता भूसी (डोडाचूरा) बरामद किया गया।

जांच में सामने आया कि तस्कर ने मादक पदार्थ को लाल मिर्च के बोरो की आड़ में बेहद चालाकी से छुपाया था। काले तिरपाल के नीचे और जूट बैग्स के पीछे रखकर इसकी गंध तक छुपाने की कोशिश की गई थी। तलाशी के दौरान 18 प्लास्टिक बैग में भरा यह माल बरामद हुआ।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, यह खेप मंदसौर से राजस्थान की ओर भेजी जा रही थी। ट्रक राजस्थान के कोटपूतली नंबर से पंजीकृत है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी, जो उत्तराखंड के चंपावत का निवासी है, को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है। सीबीएन एमपी यूनिट ने स्पष्ट किया है कि नशा मुक्त भारत के लक्ष्य को लेकर इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

**एक नजर** ▶ **डॉ भीमराव अंबेडकर व्याख्यानमाला में बोले वक्ता...**

# जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा के भेदभाव से ऊपर उठकर हम सब भारतीय




**नीमच।** म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के विचारों, सामाजिक न्याय, समानता एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को जन–जन तक पहुंचाने हेतु 'डॉ. भीमराव अंबेडकर व्याख्यानमाला' का विकासखण्ड स्तरीय आयोजन सेवाभारती कन्या छात्रावास नीमच में किया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि ओमप्रकाशजी अग्रवाल अध्यक्ष सेवा भारती, सीके शर्मा सचिव सेवा भारती, अलका गोयल उपाध्यक्ष सेवा भारती द्वारा अंबेडकरजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों सहित विशेष अतिथि नारायणसिंह राठौर, राजेश जायसवाल, दिनेश जी परवानी, शिवा मित्तल, रजिया अहमद, सरिता कश्यप का स्वागत जिला समन्वयक वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, श्री ताराचंद पाईवाल, परामर्शदाता श्री दीपक नागदा, सुश्री मीनू त्रिपाठी, सुश्री राजकुमारी चौधरी, नवांकुर संस्था प्रभारी श्रीमती शशि परिहार, श्री राजेन्द्र सिंह चोहान एवं सामाजिक कार्यकर्ता कुसुमलता शिव द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत उदबोधन एवं आयोजन का उदेश्य जिला समन्वयक वीरेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। सीके शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि राष्ट्रभक्ति केवल नारों तक सीमित नहीं होनी चाहिए।

राष्ट्रभक्ति का अर्थ है, सत्य बोलना, कर्तव्य निभाना, देश की संपत्ति की रक्षा करना, और समाज में समानता का व्यवहार करना। डॉ. अंबेडकर जी ने जिस भारत का सपना देखा था, वह भारत समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित था। यही हमारे संविधान की आत्मा है। हमें जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा के भेदभाव से ऊपर उठकर एक भारतीय बनना होगा।

प्रमुख वक्ता नारायणसिंह राठौर, विभाग सेवा प्रमुख ने कहा कि राष्ट्र केवल जमीन का टुकड़ा नहीं होता, राष्ट्र एक विचार है, एक संस्कृति है, एक पहचान है। राष्ट्र में हमारी भाषा, हमारा इतिहास, हमारे मूल्य, हमारी परंपराएँ, हमारे सैनिकों का बलिदान और करोड़ों नागरिकों का परिश्रम समाहित होता है। इसलिए जब हम कहते हैं 'राष्ट्र प्रथम', तो इसका अर्थ है कि हम अपने व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर देशहित को सर्वोच्च मानते हैं। अंबेडकर जी ने हमें यह सिखाया कि राष्ट्र की मजबूती केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि संविधान, समानता, न्याय और अधिकारों की रक्षा से होती है। उन्होंने कहा था कि राजनीतिक लोकतंत्र तभी सफल हो सकता है जब सामाजिक लोकतंत्र स्थापित हो। यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना स्वतंत्रता के समय था।